# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी

# सितम्बर, 2025

संजीव Telegram, App एवं वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप
Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी सितम्बर, 2025
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 September, 2025

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए जापान की आधिकारिक यात्रा की–**

29-30 अगस्त, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए जापान की आधिकारिक यात्रा की।

शिखर सम्मेलन में भारत-जापान के संबंधों के लिए एक व्यापक रोडमैप अपनाया गया, जो निम्न आठ प्रमुख क्षेत्रों पर केन्द्रित है–अर्थव्यवस्था, आर्थिक सुरक्षा, गतिशीलता, पर्यावरण प्रौद्योगिकी और नवाचार, स्वास्थ्य, जन-संपर्क संबंध और राज्य-प्रान्त संवाद।

महत्त्वपूर्ण वस्तुओं (जैसे सेमीकंडक्टर, महत्त्वपूर्ण खनिज) और क्षेत्रों में आपूर्ति शृंखलाओं को सुरक्षित और मजबूत करना भारत में 10 ट्रिलियन जापानी येन के निजी निवेश का लक्ष्य रखा है।

- **'एडुकेट गर्ल्स' NGO को रैमन मैग्सेसे अवॉर्ड 2025 दिया गया–**

ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में वंचित लड़कियों को शिक्षित करने के लिए काम करने वाले भारतीय गैर-सरकारी संस्था (NGO) 'एडुकेट गर्ल्स' (Educate Girls) को रैमन मैग्सेसे अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया है।

यह पहली बार है जब किसी भारतीय संगठन को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला है।

वर्ष 2007 में स्थापित इस संगठन को यह पुरस्कार उन्हें लड़कियों की शिक्षा के माध्यम से सांस्कृतिक रूढ़ियों को दूर करने और उन्हें साक्षरता के बंधन से मुक्त करने की प्रतिबद्धता के लिए दिया गया है।

यह इस पुरस्कार का 67वाँ संस्करण है। विजेताओं को यह पुरस्कार 7 नवम्बर, 2025 को मनीला (फिलीपींस) के मैट्रोपॉलिटन थियेटर में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया जाएगा।

## Newspaper of 2 September, 2025

- **भारत में पहली बार जनगणना-2027 में जियो टैगिंग होगी इमारतें–**

देश में पहली बार जनगणना-2027 में इमारतों को जियो टैग किया जाएगा। जनगणना 2027 में प्रत्येक भवन में रहने वाले घरों, परिवारों की संख्या के आंकड़े एकत्र किए जाएंगे। जियो-टैग उसी तरह होंगे, जैसे वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना में घरों को जियो-टैग किया जा रहा है। इस प्रक्रिया से जियो-टैग भवन से प्राप्त ले-आउट मानचित्र स्वत: तैयार हो जाएगा।

लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड को छोड़कर पूरे देश में जनसंख्या की गणना फरवरी 2027 में शुरू होगी।

- **कृति सेनन को UNFPA की मानद दूत नियुक्त किया गया–**

सितम्बर, 2025 में अभिनेत्री कृति सेनन को संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) ने लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण के लिए भारत में अपना मानद दूत नियुक्त किया है। यह नियुक्ति महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों को बढ़ावा देने के UNFPA के प्रयासों को मजबूत करने के लिए की गई है। UNFPA की भारत में यह पहल महिलाओं-लड़कियों की शिक्षा, नेतृत्व एवं अधिकारों के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए है।

वह UNFPA के साथ मिलकर **'जेंडर इक्वलिटी नाउ'** जैसे अभियानों में काम करेंगी।

## Newspaper of 3 September, 2025

- **हाल ही में स्विट्जरलैंड ने अपना खुद का ओपन-सोर्स नेशनल एआई मॉडल 'अपर्टस' लॉन्च किया है। यह मॉडल देश के तीन प्रमुख सार्वजनिक संस्थान स्विस फेडरल टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट ऑफ लॉजेन (ईपीएफएल), ईटीएच ज्यूरिख और स्विस नेशनल सुपरकम्प्यूटिंग सेंटर (सीएससीएस) ने मिलकर तैयार किया है। अपर्टस एक लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलए) है, जिसे ओपन एआई जैसे प्राइवेट मॉडल्स के विकल्प के रूप में पेश किया गया है।**

- **गुजरात के स्टार्टअप कैटलिक्स स्पेस ने अमरीका के नेवादा में सफल परीक्षण किया; अब अंतरिक्ष से धरती पर सामान को वापस लाना आसान होगा–**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

हाल ही में गुजरात के अहमदाबाद शहर के स्पेस स्टार्टअप 'कैटलिक्स स्पेस' ने अपने आरइएक्स कैप्सूल का दूसरा सफल ड्रॉप टेस्ट किया है। यह टेस्ट अमरीका के नेवादा राज्य में किया गया। यह कैप्सूल अंतरिक्ष से सामान को सुरक्षित तरीके से धरती पर वापस लाने के लिए बनाया जा रहा है। कंपनी का लक्ष्य है कि वैज्ञानिकों और उद्योगों के लिए अंतरिक्ष से धरती पर सामान लौटाना सरल और सस्ता बनाया जा सके। कैप्सूल के पैराशूट रिकवरी सिस्टम को जांचने के लिए आरईएक्स कैप्सूल को करीब 14000 फीट (4270 मीटर) की ऊँचाई से गिराया गया। इसके रिकवरी और इसके एंट्री लैंडिंग सिस्टम को वास्तविक परिस्थितियों में जांचा गया।

**कैप्सूल की खासियत–**यह 0.5 मीटर व्यास का है। यह गोल सिरे का है और थर्मल प्रोटेक्शन सिस्टम से लैस है ताकि वायुमंडल में वापसी के दौरान उत्पन्न होने वाली तेज गर्मी से बच सके।

### ■ भारत की पहली स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर चिप 'विक्रम' लॉन्च हुई–

2 सितम्बर, 2025 को नई दिल्ली के 'सेमीकॉन इंडिया 2025' इवेंट में, भारत की पहली पूरी तरह से स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर चिप 'विक्रम' लॉन्च की गई। इस चिप को विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर (VSSC) और इसरो की सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला (SCL) ने मिलकर विकसित किया है। इसे विशेष रूप से अंतरिक्ष मिशनों और स्पेस लॉन्च व्हीकल्स के लिए डिजाइन किया गया है, जो –55° C से +125°C तक के कठोर तापमान में काम कर सकती है। यह 180 नैनोमीटर CMOS टेक्नोलॉजी पर आधारित है और इसका सफल परीक्षण PSLV-C60 मिशन के दौरान किया गया था।

## Newspaper of 4 September, 2025

### ■ जीएसटी परिषद् ने जीएसटी स्लैब में बड़ा बदलाव किया; अब सिर्फ दो टैक्स स्लैब रखे–18% और 5%; 12% और 28% स्लैब को खत्म किया–

**हेल्थ-लाइफ इंश्योरेंस व कुछ स्कूली सामग्री पर जीएसटी शून्य किया।**

3 सितम्बर, 2025 को जीएसटी परिषद् की 56वीं बैठक में सिर्फ 2 स्लैब को मंजूरी दे दी गई। अब सिर्फ 5% और 18% के स्लैब होंगे। इसके अलावा 40% का भी एक स्लैब है, जो सिर्फ लग्जरी आइटम्स के लिए होगा। पहले से चले आ रहे 12 और 28% के स्लैब को खत्म कर दिया गया है। जीएसटी की नई दरें नवरात्र के पहले दिन 22 सितम्बर से लागू होंगी।

जीएसटी परिषद् के मुताबिक अधिकतर खाने-पीने और रोजमर्रा से जुड़ी वस्तुएँ 5% के टैक्स स्लैब में आएंगी। इसके साथ ही हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पर टैक्स खत्म कर दिया गया है। इस पर अभी तक 18% जीएसटी लगता था। नई व्यवस्था के तहत इन्हें एक्सेम्पशन की कैटेगरी में डाल दिया गया है। इसका फायदा उन लोगों को होगा जो अपने और परिवार के लिए बीमा लेते हैं। यह नया टैक्स स्ट्रक्चर लागू होने से सरकार को 93000 करोड़ रुपए की आय का नुकसान हो सकता है, लेकिन लग्जरी और हानिकारक वस्तुओं (जैसे सिगरेट, शराब) पर 40% का नया स्लैब शुरू करने से 45000 करोड़ रुपए की भरपाई हो सकती है।

- ♦ 12% और 18% टैक्स स्लैब वाली जरूरी वस्तुओं पर अब केवल 5% जीएसटी।
- ♦ जीवन रक्षक दवाओं पर 0% जीएसटी। मेडिकल उपकरण-चश्मे पर 5% जीएसटी।
- ♦ दूध, रोटी-परांठा पर अब कोई टैक्स नहीं लगेगा यानी 0% जीएसटी।
- ♦ सभी कृषि संबंधित वस्तुओं और किसानों के जरूरी सामान पर अब 5% जीएसटी।
- ♦ हस्तशिल्प, ग्रेनाइट, चमड़े के सामान पर भी 5% जीएसटी।
- ♦ सीमेंट पर 28% से घटाकर 18% जीएसटी।
- ♦ एसी, टीवी, फ्रिज, बाइक पर जीएसटी 28% से घटाकर 18% किया गया।

उल्लेखनीय है कि जब तक राज्यों को कर्ज नहीं चुकाया जाता, तब तक पान मसाला और तंबाकू जैसे प्रोडेक्ट पर फिलहाल 28% जीएसटी और सेस वसूला जाएगा। उसके बाद ही 40% की दर पर सिन और लग्जरी गुड्स टैक्स लागू होंगे। 40% में आने वाले आइटम्स पर अलग से कोई एडिशनल ड्यूटी नहीं लगेगी।

## Newspaper of 5 September, 2025

### ■ सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग भारत यात्रा पर आए–

2 से 4 सितम्बर, 2025 तक सिंगापुर गणराज्य के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग भारत की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहे। उनकी यह यात्रा भारत-सिंगापुर राजनीति संबंधों की 60वीं वर्षगाँठ के अवसर पर संपन्न हुई। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने पर व्यापक चर्चा की।

इस दौरान, सिंगापुर ने औपचारिक रूप से भारत की मलक्का जलडमरूमध्य में गश्त करने की योजना का समर्थन किया।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

दोनों देशों के बीच निम्नलिखित पाँच क्षेत्रों में समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए जो निम्न है–नागरिक उड्डयन, अंतरिक्ष, कौशल विकास, डिजिटल परिसंपत्ति नवाचार, हरित और डिजिटल शिपिंग कॉरिडोर।

दोनों पक्षों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), क्वांटम और अन्य डिजिटल प्रौद्योगिकियों में सहयोग बढ़ाने का निर्णय लिया। भारत और सिंगापुर अंतरिक्ष जैसे अग्रणी क्षेत्रों में भी सहयोग का विस्तार करेंगे।

**विशेष**–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण के नए कार्गो टर्मिनल का वर्चुअल उद्घाटन 4 सितम्बर, 2025 को किया।

## ■ केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एनआइआरएफ रैंकिंग जारी की–आइआइटी मद्रास देश का टॉप संस्थान बना, मेडिकल में एम्स दिल्ली अव्वल रहा–

4 सितम्बर, 2025 को केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से एनआइआरएफ (राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क) रैंकिंग, 2025 जारी की दी गई। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की ओर से जारी की गई रैंकिंग में इस बार ओवरऑल श्रेणी में एक बार फिर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मद्रास टॉप पर रहा। आइआइटी, मद्रास 2024 में भी शीर्ष स्थान पर था। इसके बाद इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलूरु दूसरे और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बॉम्बे तीसरे स्थान पर रहा। वहीं शीर्ष प्रबंधन संस्थानों में आइआइएम, अहमदाबाद शीर्ष पर रहा। शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेजों में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स), दिल्ली सबसे आगे रहा। इस बार 17 श्रेणी में सर्वोच्च शिक्षण संस्थानों की रैंकिंग जारी की गई। इन संस्थानों में यूनिवर्सिटी, कॉलेज, रिसर्च इंस्टीट्यूट, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, फॉर्मेसी, मेडिकल जैसी कई कैटेगरी शामिल हैं।

रैकिंग में इस बार देश के 14163 उच्च शिक्षण संस्थानों ने हिस्सा लिया था। इनमें सबसे अधिक 5268 संस्थान अकेले दक्षिण भारत के थे। वहीं इनमें पश्चिम भारत के 4702 संस्थान, उत्तर भारत के 2304 संस्थान और पूर्वी भारत के 1889 संस्थान शामिल थे।

**ओवरऑल टॉप 10–**

| रैंक | संस्थान |
|---|---|
| 1 | आइआइटी, मद्रास |
| 2 | आइआइएससी, बेंगलूरु |
| 3 | आइआइटी, बॉम्बे |
| 4 | आइआइटी, दिल्ली |
| 5 | आइआइटी, कानपुर |
| 6 | आइआइटी, खड़गपुर |
| 7 | आइआइटी, रुड़की |
| 8 | एम्स, दिल्ली |
| 9 | जेएनयू, नई दिल्ली |
| 10 | बीएचयू, वाराणसी |

**शीर्ष प्रबंधन संस्थान**

| रैंक | संस्थान |
|---|---|
| 1 | आइआइएम, अहमदाबाद |
| 2 | आइआइएम, बेंगलूरु |
| 3 | आइआइएम, कोझिकोड |
| 4 | आइआइटी, दिल्ली |
| 5 | आइआइएम, लखनऊ |
| 6 | आइआइएम, मुंबई |
| 7 | आइआइएम, कलकत्ता |
| 8 | आइआइएम, इंदौर |
| 9 | एमडीआइ, गुरुग्राम |
| 10 | एक्सएलआरआइ, जमशेदपुर |

## ■ राजगीर में नवनिर्मित रॉयल भूटान बौद्ध मंदिर का लोकार्पण–

4 सितम्बर, 2025 को बिहार के नालंदा जिले के राजगीर में नवनिर्मित रॉयल भूटान बौद्ध मंदिर का लोकार्पण किया गया। यह लोकार्पण एक भव्य समारोह में पारंपरिक और बौद्ध रीति-रिवाजों के साथ हुआ।

**लोकार्पणकर्त्ता**–इसका उद्घाटन् भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे, भारत के अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने मिलकर किया।

उल्लेखनीय है कि राजगीर बौद्ध इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है, क्योंकि यह भगवान बुद्ध के जीवन से और प्रथम बौद्ध संगीति से जुड़ा हुआ है।

**Newspaper of 6 September, 2025**

## ■ बेंगलूरु में बसाई जाएगी पहली 'एआइ टाउनशिप' 'वर्क-लिव-प्ले' मॉडल पर होगी आधारित–

कर्नाटक सरकार बिड़दी में ग्रेटर बेंगलूरु इंटीग्रेटेड टाउनशिप (जीबीआइटी) विकसित करने जा रही है। 9000 एकड़ में

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

फैली यह देश की पहली और सबसे बड़ी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-आधारित टाउनशिप होगी। यह केवल रियल एस्टेट प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि एआइ भविष्य की एक प्रयोगशाला बनेगी। इस टाउनशिप में 1100 एकड़ क्षेत्र हरित पार्कों और खुले स्थानों के लिए सुरक्षित होगा, जिससे यह देश की सबसे ग्रीन शहरी टाउनशिप में गिनी जाएगी। यह परियोजना बेंगलूरु के यातायात की भीड़ को कम करने के लिए रिंग रोड, एक्सप्रेस-वे और 'वॉक-टू-वर्क' कार्यस्थल योजनाओं को बढ़ावा देगी। साथ ही, आइटी-एआइ सेक्टर में लाखों नौकरियों का सृजन होगा और युवाओं को तैयार करने के लिए स्किलिंग सेंटर स्थापित होंगे ।

## वर्ष 2025 के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार दिए गए–

5 सितम्बर, 2025 को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में देश भर के 81 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया। यह पुरस्कार हर साल शिक्षक दिवस के अवसर पर देश के उत्कृष्ट शिक्षकों को उनके असाधारण योगदान के लिए दिया जाता है।

इस वर्ष के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कारों के लिए 45 शिक्षकों का चयन किया गया। ये 45 शिक्षक देश के 27 राज्यों, 7 केन्द्रशासित प्रदेशों और 6 संगठनों से है। इनमें 24 पुरुष और 21 महिलाएँ हैं।

### प्रमुख सम्मानित शिक्षक–

- **नीलम यादव ( अलवर, राजस्थान ) :** इन्होंने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) फंडिंग से 60 टैबलेट्स और स्मार्ट क्लासरूम वाली डिजिटल लैब बनाई।
- **मधुरिमा तिवारी ( मिर्ज़ापुर, उत्तर प्रदेश ) :** इन्होंने पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय को एक जीर्ण-शीर्ण और कम नामांकन वाले स्कूल से एक जीवंत और सफल संस्थान में बदल दिया।
- **कुमारी निधि ( ब्यावर ):** बाल विवाह से बचाई गई दर्जनों बच्चियों को पुनः स्कूल में दाखिल कराया।
- **हितेश कुमार भुंडिया ( राजकोट, गुजरात ) :** श्री स्वामीनारायण गुरुकुल विद्यालय के शिक्षक, इन्होंने एक अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना की। उनके एक छात्र को कपास कताई मशीन के प्रोटोटाइप के लिए एक शोध पेटेंट भी मिला है।
- **नरिंदर सिंह ( लुधियाना, पंजाब ) :** इन्होंने अपने सरकारी प्राथमिक विद्यालय में एक आईटी पार्क, एक स्मार्ट, लाइब्रेरी, एक मैथ्स पार्क और एक हर्बल गार्डन की स्थापना की, जिससे छात्रों को सीखने का एक अनूठा माहौल मिला।

**Newspaper of 7 September, 2025**

## हाल ही में जर्मनी ने यूरोप का अब तक का सबसे शक्तिशाली सुपर कम्प्यूटर 'जुपिटर' लॉन्च किया है। यह सिस्टम इतना तेज है कि हर सेकंड में एक के बाद 18 शून्य

तक गणनाएँ कर सकता है। इससे यूरोप पहली बार एक्सस्केल कंप्यूटिंग के स्तर पर पहुँच गया है। जुपिटर को जुलिच सुपरकंप्यूटिंग सेंटर में लगाया गया है। लागत करीब 5168 करोड़ रुपए है। यह सुपर कम्प्यूटर बड़े एआई मॉडल तैयार करने और जटिल रिसर्च के लिए अहम साबित होगा।

## भारत और भूटान के मध्य हाइड्रोपॉवर समझौता हुआ–

हाल ही में भारत की अडानी पॉवर और भूटान की सरकारी कम्पनी डुक ग्रीन पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (DGPC) ने 570 मेगावाट की 'वोंगछू जलविद्युत परियोजना' स्थापित करने के लिए एक शेयरधारक समझौते (SHA) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता दोनों देशों के बीच जलविद्युत क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करता है।

इसे बिल्ड-ऑन-ऑपरेट-ट्रांसफर (BOOT) मॉडल के तहत विकसित किया जाएगा। इस परियोजना में अनुमानित ₹60 अरब का निवेश होगा।

## चीन ने दुनिया का पहला सोडियम आयन पोर्टेबल पावर स्टेशन 'पायनियर ना' लॉन्च किया–

सितम्बर 2025 में, चीन की ब्लुएटी कम्पनी ने दुनिया का पहला सोडियम आयन पोर्टेबल पॉवर स्टेशन 'पायनियर ना' लॉन्च किया। इस डिवाइस में 900 Wh की क्षमता और 1500W का पॉवर आउटपुट है। इसे बर्लिन में आयोजित IFA 2025 में प्रदर्शित किया गया। यह लैपटॉप, ड्रोन और हीटर जैसे उपकरणों को बिजली दे सकता है।

## वेनिस फिल्म महोत्सव में भारतीय फिल्म निर्माता को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला–

भारतीय फिल्म निर्माता अनुपर्णा रॉय ने 82वें वेनिस अन्तरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025 में 'ओरिजोंटी' सेक्शन में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतकर इतिहास रचा है। यह पुरस्कार उन्हें 'सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज़' के लिए मिला है।

### अन्य विजेताओं में–

**गोल्डन लॉयन ( सर्वश्रेष्ठ फिल्म ) :** 'फादर मदर सिस्टर ब्रदर' (निर्देशक-जिम जार्मुश)

**सिल्वर लॉयन ( सर्वश्रेष्ठ निर्देशक ) :** बेनी सफदी, 'द स्मैशिंग मशीन' के लिए।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

यह महोत्सव 27 अगस्त से 6 सितम्बर, 2025 तक वेनिस, इटली में आयोजित हुआ था।

**Newspaper of 8 September, 2025**

■ **पुरुषों का एशिया हॉकी कप 2025 भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने जीता–**

29 अगस्त से 12 सितम्बर, 2025 तक राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, बिहार में आयोजित पुरुषों के हॉकी एशिया कप 2025 के 12वें संस्करण का आयोजन हुआ इसमें प्रतिभागी देश चीन, भारत, जापान, मलेशिया, द. कोरिया, बांग्लादेश, चाइना ताइपे, कजाकिस्तान रहे।

फाइनल में दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर भारत ने चौथी बार (2003, 2007, 2017, 2025) एशिया कप का खिताब जीता। इसी के साथ वर्ष 2026 में बेल्जियम और नीदरलैण्ड में होने वाले हॉकी विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर लिया है।

**टूर्नामेंट के अवॉर्ड–**

- प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट : अभिषेक नेन (भारत)
- गोलकीपर ऑफ द टूर्नामेंट : किम जे ह्योन (द. कोरिया)
- यंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट : एंडीवाल्फियन जेफ्रेनस (मलेशिया)
- प्रोमेसिंग गोलकीपर ऑफ द टूर्नामेंट : वांग कैयू (चीन)

■ **महिलाओं के एशिया हॉकी कप 2025 में भारत उपविजेता रहा–**

5-14 सितम्बर, 2025 को होंगझोऊ (चीन) में आयोजित महिलाओं का एशिया हॉकी कप 2025 के 11वें संस्करण का आयोजन हुआ। इसमें प्रतिभागी देश चीन, भारत, जापान, मलेशिया, द. कोरिया, थाईलैण्ड, चाइना ताइपे, सिंगापुर रहे।

भारतीय महिला हॉकी टीम को एशिया को हॉकी 2025 फाइनल मुकाबले में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना से 4-1 से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ भारत को उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा।

भारतीय महिला टीम ने इससे पहले 2004 और 2017 में एशिया कप का खिताब जीता था।

■ **7 सितम्बर, 2025 को पोप लियो चौदहवें ने 15 वर्षीय कम्प्यूटर जीनियस कार्लो को कैथोलिक चर्च का पहला मिलेनियल संत घोषित किया। वर्ष 2006 में ल्यूमेकिया से जान गंवाने वाले कार्लो को 'गॉड्स इंफ्लुएंसर' कहा जाता है। पीटर्स स्क्वायर में करीब 80 हजार लोगों की मौजूदगी में हुए ओपन मास में पोप ने कार्लो के साथ इतालवी पियर जॉर्जियो फ्रसाली को भी निधन के बाद संत घोषित किया।**

■ **विश्व तीरंदाजी चैम्पियनशिप में भारत ने पुरुषों की कंपाउंड टीम में ऐतिहासिक स्वर्ण जीता–**

7 सितम्बर, 2025 को ग्वांग्जू, दक्षिण कोरिया में आयोजित विश्व तीरंदाजी चैम्पियनशिप में भारत ने पुरुषों की कंपाउंड टीम स्पर्द्धा में पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। भारतीय टीम ने फाइनल में फ्रांस को 235-233 से हराया।

**Newspaper of 9 September, 2025**

■ **स्पेन के कार्लोस अल्कारेज ने यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब जीता–**

7 सितम्बर, 2025 को न्यूयार्क में स्पेन के युवा खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने अपना दबदबा कायम रखते हुए यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट (145वें संस्करण) में पुरुष एकल का खिताब जीत लिया। दूसरी वरीयता प्राप्त अल्कारेज ने फाइनल में मौजूदा चैंपियन और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जेनिक सिनर को 6-2, 3-6, 6-1, 6-4 से शिकस्त दी। इस जीत से स्पेनिश खिलाड़ी अल्कारेज ने न सिर्फ सिनर से यूएस ओपन की ट्रॉफी बल्कि विश्व रैंकिंग में नंबर-1 का ताज भी छीन लिया। सिनर पिछले 65 सप्ताह से नंबर-एक रैंकिंग पर कायम थे। इस तरह से अल्कारेज ने कुल दूसरी बार यूएस ओपन और करियर का कुल छठा ग्रैंड स्लेम जीता। इससे पहले, अल्कारेज ने 2022 में यूएस ओपन में खिताब जीता था।

**महिला एकल विजेता**–आर्यना सबालेंका (बेलारूस)

**छह ग्रैंड स्लेम जीतने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी–** अल्कारेज शुरुआती छह ग्रैंड स्लेम जीतने वाले इतिहास के दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने ये कमाल 22 साल 125 दिन की उम्र में किया। इस सूची में शीर्ष पर स्वीडन के पूर्व महान खिलाड़ी ब्योर्न बोर्ग हैं, जिन्होंने 22 साल व 19 दिन की उम्र में ये उपलब्धि हासिल की थी।

■ **भारत और इजराइल ने नए द्विपक्षीय निवेश समझौते (BIT) पर हस्ताक्षर किए–**

8 सितम्बर, 2025 को भारत और इजराइल ने नई दिल्ली में आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और निवेशकों को अधिक सुरक्षा देने के लिए एक नया द्विपक्षीय निवेश समझौता (BIT) किया है। यह समझौता 1996 के पुराने BIT का स्थान लेगा, जिसे 2017 में रद्द कर दिया गया था।

**समझौते के प्रमुख प्रावधान**–यह निवेशकों को निष्पक्ष व्यवहार और कानूनी सुरक्षा की गारंटी देता है, जिसमें किसी भी विवाद के निपटान के लिए स्वतंत्र मध्यस्थता (Arbitration) का प्रावधान शामिल है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 10 September, 2025

■ **अब तक का सबसे पतला आइफोन 17 लॉन्च हुआ–**

हाल ही में एप्पल कम्पनी ने अपने सालाना इवेंट 'ऑव ड्रॉपिंग' में आइफोन 17 के चार मॉडल लॉन्च किए। उल्लेखनीय है कि कंपनी ने अब तक का सबसे पतला आइफोन लॉन्च किया है। आइफोन एयर 5.6 एमएम पतला है। यह फोन सिर्फ ई-सिम पर काम करता है। इस इंवेट में आइफोन 17 प्रो और प्रो मैक्स भी लॉन्च हुआ। आइफोन 17 प्रो और प्रो मैक्स में पहली बारह तीनों रियर कैमरे 48 मेगापिक्सल के हैं। इसके अलावा कंपनी ने एयरपॉड 3 प्रो भी पेश किया, जिसमें रियल-टाइम ट्रांसलेशन फीचर है। यह अलग-अलग भाषाओं के वाक्यों को तुरंत ट्रांसलेट करता है।

■ **9 सितम्बर, 2025 को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में रक्षा मंत्री सेबस्टियन लेकोर्नू की नियुक्ति की। 39 वर्ष के लेकोर्नू फ्रांस के इतिहास में सबसे कम उम्र के रक्षा मंत्री रहे हैं। इससे पूर्व 8 सितम्बर, 2025 को फ्रांस की संसद में विश्वास मत हारने के बाद फ्रांस्वा बायरू को पीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा।**

■ **अभिमन्यु मिश्रा ने विश्व चैंपियन को हराने का सबसे कम उम्र का रिकॉर्ड बनाया–**

9 सितम्बर, 2025 को 16 वर्षीय भारतीय मूल के अमेरिकी ग्रैंडमास्टर अभिमन्यु मिश्रा फिडे ग्रैंड स्विस 2025 के पाँचवें राउंड में विश्व चैंपियन गुकेश डोमाराजु को हराकर क्लासिकल शतरंज में मौजूदा चैम्पियन को हराने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। उन्होंने गाटा काम्स्की का 33 वर्ष पुराना रिकॉर्ड तोड़ा।

**अभिमन्यु मिश्रा के अन्य प्रमुख रिकॉर्ड–**

- 2016 : 7 साल 6 माह की उम्र में 2000 यूएससीएफ रेटिंग पाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी।
- 2019 : आर. प्रज्ञानंद के रिकॉर्ड को पीछे छोड़कर सबसे कम उम्र के इंटरनेशनल ग्रैंड मास्टर बने।
- 2021 : सर्गेई कारजाकिन का रिकॉर्ड तोड़ते हुए सबसे कम उम्र (12 वर्ष 4 माह) में ग्रैंडमास्टर बने।

## Newspaper of 11 September, 2025

■ **अमरीकी रेटिंग एजेंसी 'फिच' ने बढ़ाया ग्रोथ अनुमान, 6.9% बढ़ेगी देश की जीडीपी–**

हाल ही में अमेरीकी रेटिंग एजेंसी ने फिच रेटिंग्स ने मजबूत घरेलू मांग और वित्तीय स्थितियों का हवाला देते हुए कारोबारी साल 2025-26 के लिए भारत के ग्रोथ अनुमान को 6.5% से बढ़ाकर 6.9% कर दिया है। फिच ने अनुमान लगाया है कि वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में वार्षिक वृद्धि धीमी रह सकती है। इसलिए अगले वित्त वर्ष 2026-27 में वृद्धि दर घटकर 6.3% रहने का अनुमान है।

इकोनॉमी अपनी क्षमता से थोड़ा ऊपर चल रही है, इसलिए वित्त वर्ष 2027-28 में वृद्धि दर घटकर 6.2% की दर से बढ़ने की संभावना है। रैटिंग एजेंसी का कहना है कि ट्रंप टैरिफ का भारतीय अर्थव्यववस्था पर ज्यादा असर नहीं होगा। फिच ने कहा कि जून तिमाही में 7.8% की मजबूत ग्रोथ, जुलाई के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े और पीएमआई सर्वे देश की मजबूत अर्थव्यवस्था के संकेत दे रहे हैं। साथ ही, जीएसटी सुधार के चलते वित्त वर्ष 2026 के दौरान उपभोक्ता खर्च बढ़ने की उम्मीद है।

■ **रूसी मालवाहक अंतरिक्ष यान 'प्रोग्रेस एमएस-30' ने मिशन पूरा किया–**

10 सितम्बर, 2025 को रूस का मानवरहित मालवाहक अंतरिक्ष यान 'प्रोग्रेस एमएस-30' (Progress MS-30) अपना मिशन सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद पृथ्वी के वातावरण में लौट आया। इसे 28 फरवरी, 2025 को कजाकिस्तान के बैकोनूर कोस्मोड्रोम से लॉन्च किया गया था। इसने अन्तरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर आवश्यक आपूर्ति पहुँचाई थी।

## Newspaper of 12 September, 2025

■ **टाटा का पहला 3D एयर सर्विलांस रडार 'लांजा एन' नौसेना में शामिल हुआ–**

हाल ही में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (TASL) द्वारा निर्मित पहला 3D एयर सर्विलांस रडार (3D-ASR) जिसका नाम 'लांजा-एन' (LANZA-N) है–भारतीय नौसेना के एक युद्धपोत पर स्थापित किया गया। इस रडार को स्पेन की कम्पनी 'इंद्रा' (Indra) के साथ तकनीकी सहयोग से विकसित किया गया है।

'लांजा-एन' दुनिया के सबसे उन्नत लॉन्ग-रेंज एयर डिफेंस और एंटी-मिसाइल रडार में से एक है।

यह सुपरसोनिक जेट, ड्रोन और एंटी-रेडिएशन मिसाइलों सहित हवाई और सतह के दोनों लक्ष्यों को 3D में ट्रैक कर सकता है। इस रडार की निगरानी क्षमता लगभग 470 किलोमीटर है।

## Newspaper of 13 September, 2025

■ **भारतीय नौसेना का नवीनतम बेस; आईएनएस अरावली को गुरुग्राम में कमीशन किया गया–**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

12 सितम्बर, 2025 को भारतीय नौसेना का नवीनतम नौसैनिक बेस 'आईएनएस अरावली' ( INS Aravali) गुरुग्राम में कमीशन किया गया। इसका आदर्श वाक्य 'समुद्रिकसुरक्षाया: सहयोगं' (सहयोग के माध्यम से समुद्री सुरक्षा) है। इसका प्रथम सीओ (CO)–कैप्टन सचिन कुमार सिंह को नियुक्त किया गया।

**आईएनएस अरावली का महत्त्व–**

- यह नौसेना की समुद्री क्षेत्र जागरूकता (MDA) क्षमता को मजबूत करेगा।
- भारत और नौसेना के कमांड, नियंत्रण और MDA ढाँचे के लिए महत्त्वपूर्ण सूचना एवं संचार केन्द्रों को सहायता प्रदान करेगा।

## 12 सितम्बर, 2025 को केन्द्र सरकार ने राजस्थान, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के किसानों के लिए अफीम पोस्त की खेती के लाइसेंस संबंधी नई वार्षिक नीति की घोषणा की है। यह नीति 1 अक्टूबर, 2025 से 30 सितम्बर, 2026 तक लागू रहेगी। इस नीति के अनुसार लगभग 1.21 लाख किसान लाइसेंस प्राप्त करने के पात्र हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 23.5% अधिक है। इससे लगभग 15,080 अतिरिक्त किसान जुड़ेंगे।

- चीरा (लांसिंग) लगाने वालों में वे किसान पात्र हैं जिन्होंने प्रति हेक्टेयर 4.2 किलोग्राम या उससे अधिक मॉर्फिन उपज हासिल की है। इन्हें 10 आरी (0.10 हेक्टेयर) जमीन पर खेती की अनुमति होगी।
- पोस्ता भूसा सांद्रण (CPS) विधि (बिना चीरा) : 3.0 किलोग्राम से 4.2 किलोग्राम मॉर्फिन उपज वाले मौजूदा उत्पादक इस विधि के तहत खेती करने के पात्र हैं। इन्हें पाँच साल की लाइसेंस वैधता और 5 आरी जमीन की अनुमति मिलेगी।

इस नीति का उद्देश्य मॉर्फिन उपज मानकों को बनाए रखते हुए लाइसेंस प्राप्त किसानों की संख्या बढ़ाना है।

## नेपाल की पूर्व चीफ जस्टिस रही सुशीला कार्की देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं–

12 सितम्बर, 2025 को नेपाल की पहली चीफ जस्टिस रहीं 73 वर्षीय सुशीला कार्की देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बन गई हैं। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने राष्ट्रपति भवन शीतल निवास में उन्हें शपथ दिलाई। इससे पहले राष्ट्रपति पौडेल ने संसद भंग कर छह माह में चुनाव करवाने के निर्देश दिए। कार्की के सामने अब नेपाल को मौजूदा राजनीतिक संकट से बाहर निकालने की बड़ी चुनौती है। उनकी नियुक्ति को स्थिरता की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उनके सत्ता संभालने से भारत और नेपाल के बीच संबंध और प्रगाढ़ होने की उम्मीद है। 9 सितंबर को सोशल मीडिया बैन करने, भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के खिलाफ जेन-Z आंदोलनकारियों ने संसद, राष्ट्रपति भवन, सुप्रीम कोर्ट और पीएम केपी शर्मा ओली के आवास में आग लगा दी थी। उग्र प्रदर्शन के बाद पीएम ओली को पद छोड़ना पड़ा।

## सीपी राधाकृष्णन बने देश के 15वें उपराष्ट्रपति–

12 सितम्बर, 2025 को चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन (सीपी राधाकृष्णन) देश के 15वें उपराष्ट्रपति बन गए हैं। उन्हें राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद की शपथ दिलाई। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई, 2025 को त्यागपत्र देने से रिक्त हुए इस पद के लिए मतदान 9 सितम्बर, 2025 को सम्पन्न हुए थे। इस उपराष्ट्रपति चुनाव में राधाकृष्णन ने अपने प्रतिद्वंद्वी और आई. एन. डी. आई. ए. गठबंधन के प्रत्याशी बी. सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के अंतर से हराया था। राधाकृष्णन को 452 जबकि बी. सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट मिले।

**Newspaper of 14 September, 2025**

## वैश्विक शांति सूचकांक में भारत को 115वाँ स्थान मिला–

वर्ष 2025 का वैश्विक शांति सूचकांक का 19वां संस्करण जून, 2025 में जारी किया गया, उसके प्रमुख बिन्दु एवं तथ्य सितम्बर, 2025 में सामने आए। इस सूचकांक में भारत को 163 देशों की सूची में 115वाँ स्थान मिला है।

**वैश्विक शांति सूचकांक 2025 एक नजर में–**

- इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस (IEP) द्वारा जारी।
- वर्ष 2025 के वैश्विक शांति सूचकांक में विश्व के 163 देश व क्षेत्रों को रैंक दी गई है।
- इस सूचकांक द्वारा शांति की स्थिति को मापने के लिए 23 गुणात्मक और मात्रात्मक संकेतकों का उपयोग किया गया है।
- जीपीआई 2025 में सिंगापुर को एशिया का सबसे सुरक्षित देश घोषित किया गया है जो विश्व स्तर पर यह छठे स्थान पर रहा है।
- वर्ष 2025 के जीपीआई में भारत 2.229 के स्कोर के साथ 115वें स्थान पर रहा है। विगत वर्ष 2024 के सूचकांक में भी भारत की समान रैंक थी।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

### विश्व के 10 सबसे शांतिपूर्ण देश

| रैंक | राष्ट्र | स्कोर | रैंक | राष्ट्र | स्कोर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आइसलैण्ड | 1.095 | 6 | सिंगापुर | 1.357 |
| 2 | आयरलैण्ड | 1.260 | 7 | पुर्तगाल | 1.371 |
| 3 | न्यूजीलैण्ड | 1.282 | 8 | डेनमार्क | 1.393 |
| 4 | ऑस्ट्रिया | 1.294 | 9 | स्लोवेनिया | 1.409 |
| 5 | स्विट्जरलैण्ड | 1.294 | 10 | फिनलैण्ड | 1.420 |

### सूचकांक में भारत के पड़ौसी देश

| रैंक | राष्ट्र | स्कोर | रैंक | राष्ट्र | स्कोर |
|---|---|---|---|---|---|
| 21 | भूटान | 1.536 | 123 | बांग्लादेश | 1.357 |
| 76 | नेपाल | 1.987 | 144 | पाकिस्तान | 1.371 |
| 97 | श्रीलंका | 2.075 | 153 | म्यांमार | 1.393 |
| 98 | चीन | 2.093 | 158 | अफगानिस्तान | 1.409 |

## ■ ज्ञान भारतम् पर पहला अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ–

- 11-13 सितम्बर, 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में ज्ञान भारतम् पर पहला अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ।
- इसका विषय पांडुलिपि विरासत के माध्यम से भारत की ज्ञान विरासत को पुन: प्राप्त करना था।
- **आयोजक :** संस्कृति मंत्रालय
- इसका उद्देश्य पांडुलिपियों की पहचान, दस्तावेजीकरण, डिजिटलीकरण एवं संरक्षण को बढ़ावा देना था।

## ■ वैश्विक नवाचार सूचकांक 2025 जारी किया गया–

सितम्बर, 2025 में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) द्वारा 18वाँ वैश्विक नवाचार सूचकांक (GII) 2025 जारी किया गया। यह सूचकांक लगभग 80 संकेतकों के आधार पर जारी किया गया।

### सूचकांक में शामिल शीर्ष 10 अर्थव्यवस्थाएँ–

| रैंक | राष्ट्र | स्कोर | रैंक | राष्ट्र | स्कोर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्विट्जरलैण्ड | 66.0 | 6 | यूनाइटेड किंगडम | 59.1 |
| 2 | स्वीडन | 62.6 | 7 | फिनलैण्ड | 57.7 |
| 3 | अमेरिका | 61.7 | 8 | नीदरलैण्ड | 57.0 |
| 4 | दक्षिण कोरिया | 60.0 | 9 | डेनमार्क | 56.9 |
| 5 | सिंगापुर | 59.9 | 10 | चीन | 56.6 |

### सूचकांक में भारत का स्थान–

- ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (GII) 2025 में भारत 139 अर्थव्यवस्थाओं में से 38वें स्थान (38.2 स्कोर) पर रहा है। वर्ष 2015 में 81वें स्थान से भारत की एक बड़ी उपलब्धि है।
- विश्व के शीर्ष 100 नवाचार क्लस्टर में भारत के चार शहर शामिल हैं–बेंगलुरु (21वाँ), दिल्ली (25वाँ), मुंबई (46वाँ) और चेन्नई (84वाँ)।

**Newspaper of 15 September, 2025**

## ■ असम में भारत के पहले बाँस-आधारित बायोएथेनॉल संयंत्र का उद्घाटन किया गया–

14 सितम्बर, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम के गोलाघाट जिले में नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (NRL) में भारत की पहली बांस-आधारित बायोएथेनॉल संयंत्र का उद्घाटन किया। इसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना है।

लगभग ₹ 5000 करोड़ की लागत वाले इस संयंत्र से प्रतिवर्ष 49000 टन इथेनॉल और अन्य उप-उत्पाद (जैसे फरफुरल, एसिटिक एसिड) उत्पादित होंगे। इसमें सालाना लगभग 3 लाख मीट्रिक टन बाँस का प्रसंस्करण होगा।

## ■ विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन–

4-14 सितम्बर, 2025 को विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप 2025 का पहला संस्करण यूनाइटेड किंगडम के लिवरपूल में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में भारतीय मुक्केबाजों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 4 पदक (2 स्वर्ण, 1 रजत, 1 कांस्य) जीतकर पदक तालिका में तीसरा स्थान प्राप्त किया। भारत के लिए यह चारों पदक महिला मुक्केबाजों ने जीते, वहीं पुरुष वर्ग में कोई पदक नहीं मिला।

**जैस्मीन लैम्बोरिया (महिला 57 किग्रा) :** स्वर्ण पदक (पोलैण्ड की जूलिया स्जेरामेटा को हराया)

**Newspaper of 16 September, 2025**

## ■ आईएसएसएफ वर्ल्ड कप 2025 का आयोजन–

7-15 सितम्बर, 2025 को भारतीय निशानेबाजों ने चीन के निंगबो में आयोजित आईएसएसएफ वर्ल्डकप 2025 में ईशा सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक जीता, जबकि मेघना सज्जनार ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्द्धा में कांस्य पदक जीता। 31 वर्षीय मेघना ने 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक जीता। यह उनका अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहला व्यक्तिगत पदक है।

उल्लेखनीय है कि यह राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के लिए इस वर्ष का चौथा और अंतिम आईएसएसएफ वर्ल्डकप था।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 17 September, 2025

### ■ मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम की भारत यात्रा–

9-16 सितम्बर को मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम भारत की राजकीय यात्रा पर रहे। इस यात्रा के दौरान–

उन्होंने 11 सितम्बर को वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इस दौरान दोनों देशों के बीच विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, समुद्र विज्ञान, अंतरिक्ष, शिक्षा, लोक सेवकों के प्रशिक्षण और विद्युत क्षेत्र में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। टैमरिंड फॉल्स में 17.5 मेगावाट की फ्लोटिंग सोलर पीवी परियोजना स्थापित करने की घोषणा की गई।

भारत ने मॉरीशस के लिए 680 मिलियन अमेरिकी डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की, जिसमें अनुदान और ऋण की मिश्रित सहायता शामिल है।

### ■ चीन द्वारा नया 'के वीजा' लॉन्च किया गया–

वैश्विक प्रतिभाओं को आकर्षित करने के उद्देश्य से चीन ने नया 'के वीजा' शुरू करने की घोषणा की। यह वीजा 1 अक्टूबर, 2025 से प्रभावी हुआ।

चीन का यह 'के वीजा' मुख्य रूप से वैश्विक STEM (विज्ञान, इंजीनियरिंग, गणित) प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह पहल 2035 तक चीन को सुपरपॉवर बनाने के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप है।

'के वीजा' अन्य चीनी वीजा की तुलना में अधिक लचीला है और इसमें आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। तथा इसे हासिल करने के लिए किसी स्थानीय नियोक्ता द्वारा प्रयोजित होना भी जरूरी नहीं है।

### ■ 16 सितम्बर, 2025 को भारतीय नौसेना को स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट (DSC) परियोजना का पहला जहाज 'डीएससी ए 20' (DSC A20) कोलकाता में सौंपा गया, इसे टीटागढ़ रेल सिस्टम कोलकाता ने बनाया है। इसे समुद्री निर्माण, आपात स्थिति में बचाव, निर्माण, मरम्मत और रखरखाव जैसे आवश्यक गोताखोरी अभियानों के लिए तैयार किया गया है। यह कैटामरन पतवार से युक्त है, जिसका विस्थापन लगभग 380 टन है।

## Newspaper of 18 September, 2025

### ■ देश के पहले पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास धार (मध्यप्रदेश) में हुआ–

17 सितम्बर, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जन्मदिन पर मध्यप्रदेश के धार जिले के भैंसोला गाँव में पहले पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क का शिलान्यास किया। यह 2158 एकड़ में फैला पार्क कपड़ा मंत्रालय की पीएम मित्र योजना (2021) के तहत बन रहा है, जो 5F विजन (फार्म टू, फाइबर टू, फैक्ट्री टू, फैशन टू, फॉरेन) पर आधारित है।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' एवं पोषण अभियान का शुभारंभ और सुमन सखी चैटबॉट का लोकार्पण भी किया है।

### ■ भारतीय नौसेना का 11वाँ एएमटीसीएम बार्ज 'एलएसएएम 25' लॉन्च–

- भारतीय नौसेना के लिए 11वें गोला-बारूद सह टारपीडो सह मिसाइल बार्ज (AMTC Barge) जिसका नाम 'एलएसएएम 25' (यार्ड 135) है, को 8 सितम्बर, 2025 को ठाणे में लॉन्च किया गया।
- **निर्माण**–इस बार्ज का निर्माण मेसर्स सूर्यदीप्ता प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, ठाणे द्वारा किया गया है।
- **पृष्ठभूमि**–भारतीय नौसेना ने कम्पनी को कुल 11 एएमटीसीएम बार्ज (Ammunition Cum Torpedo Cum Missile 'ACTCM' Barge) के निर्माण का अनुबंध 5 मार्च, 2021 को दिया था।
- **परीक्षण**–समुद्री कौशल के लिए इस मॉडल का परीक्षण नौसेना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला (NSTL) विशाखापत्तनम में किया गया था।
- **लॉजिस्टिक्स सहायता :** यह बार्ज नौसेना के प्लेटफॉर्मों के लिए गोला-बारूद, टॉरपीडो और मिसाइलों को घाटों और लंगरगाहों पर उतारने और चढ़ाने में सुविधा प्रदान करेगा।

### ■ टाटा का पहला 3D एयर सर्विलांस रडार 'लांजा-एन' नौसेना में शामिल–

- भारत ने रक्षा क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (TASL) द्वारा निर्मित पहला 3D एयर सर्विलांस रडार (3D-ASR)-जिसका नाम 'लांजा-एन' (LANZA-N) है-भारतीय नौसेना के एक युद्धपोत पर स्थापित किया गया है।
- **विकास और निर्माण**–इस रडार को स्पेन की कम्पनी 'इंद्रा' (Indra) के साथ तकनीकी सहयोग से विकसित किया गया है।

  TASL, इंद्रा से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के तहत एडवांस नेवल 3D एयर सर्विलांस रडार का निर्माण करने वाली पहली भारतीय कम्पनी बन गई है।
- **तकनीकी क्षमता**–'लांजा-एन' दुनिया के सबसे उन्नत लॉन्ग-रेंज एयर डिफेंस और एंटी-मिसाइल रडार में से एक है। यह सुपरसोनिक जेट, ड्रोन और एंटी-रेडिएशन मिसाइलों सहित हवाई और सतह के दोनों लक्ष्यों को 3D में ट्रैक कर सकता है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **रेंज**–इस रडार की निगरानी क्षमता लगभग 470 किलोमीटर है।
- **समझौता**–TASL और इंद्रा के बीच 2020 में हुए समझौते के तहत, कुल 23 रडारों की डिलीवरी की जाएगी, जिनमें से 20 रडारों को भारत में असेंबल किया जाएगा। इसके लिए TASL ने कर्नाटक में एक सुविधा केन्द्र स्थापित किया है।

## Newspaper of 19 September, 2025

### सितम्बर 2025 में घोषित भारतीय राजदूतों/उच्चायुक्तों की नियुक्तियाँ–

| नाम | नियुक्त पद | देश | नियुक्ति की घोषणा |
|---|---|---|---|
| दीपक मिगलानी | राजदूत | दक्षिण सूडान | 17 सितम्बर, 2025 |
| गौरांगलाल दास | राजदूत | कोरिया | 17 सितम्बर, 2025 |
| सुनीत मेहता | उच्चायुक्त | किरिबाती | 15 सितम्बर, 2025 |
| सुश्री परमिता त्रिपाठी | राजदूत | कुवैत | 12 सितम्बर, 2025 |
| अभिषेक सिंह | उच्चायुक्त | नाइजीरिया | 11 सितम्बर, 2025 |
| डॉ.आदर्श स्वाइका | उच्चायुक्त | केन्या | 10 सितम्बर, 2025 |
| शेरिग वांगचुक शेरपा | राजदूत | वियतनाम | 06 सितम्बर, 2025 |
| रोहित रथीश | उच्चायुक्त | सेशेल्स | 03 सितम्बर, 2025 |
| डॉ. दीपक मित्तल | राजदूत | संयुक्त अरब अमीरात | 02 सितम्बर, 2025 |

## Newspaper of 20 September, 2025

### तीव्र गश्ती पोत आईसीजीएस अदम्य भारतीय तटरक्षक बल में शामिल हुआ–

19 सितम्बर, 2025 को भारतीय तटरक्षक जहाज 'अदम्य' (Adamya) को ओडिशा के पारादीप बंदरगाह पर कमीशन किया गया। इसे अदम्य श्रेणी के 8 तीव्र गश्ती पोत (FPVs) श्रृंखला के पहले जहाज के रूप में शामिल किया गया है।

इसका डिजाइन व निर्माण गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा किया गया है।

उल्लेखनीय है कि इस 51 मीटर लंबे इस अत्याधुनिक पोत के निर्माण में 60% से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है। इसकी अधिकतम गति 28 समुद्री मील (लगभग 50 किमी./घंटा) है।

### 'होमबाउंड' को ऑस्कर 2026 के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में चुना गया–

19 सितम्बर, 2025 को की गई घोषणा के तहत फिल्म निर्माता नीरज घेवान की हिंदी फिल्म 'होमबाउंड' को 98वें अकादमी पुरस्कार (ऑस्कर 2026) के लिए सर्वश्रेष्ठ अन्तरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में चुना गया है। 12 सदस्यीय जूरी, जिसकी अध्यक्षता वयोवृद्ध फिल्म निर्माता एन. चंद्रा ने की। इस दौड़ में विभिन्न भाषाओं की कुल 24 फिल्में शामिल थीं।

इस फिल्म के कलाकार है–ईशान खट्टर विशाल जेठवा और जान्हवी कपूर।

वर्ष 2024 में सर्वश्रेष्ठ इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटगरी में 'लापता-लेडीज' की एंट्री भेजी गई थी।

98वाँ ऑस्कर पुरस्कार समारोह 15 मार्च, 2026 को आयोजित किया जाएगा।

## Newspaper of 21 September, 2025

### 'मैक इन इंडिया' की 10वीं वर्षगाँठ पर नई पहलों का शुभारम्भ किया–

20 सितम्बर, 2025 को केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 'मेक इन इंडिया' पहल की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर नई दिल्ली में कई प्रमुख पहलों का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर ₹ 100 का एक स्मारक सिक्का भी जारी किया गया।

**लॉन्च की गई प्रमुख पहलें–**

- **आईपीआरएस 3.0 (Industrial Park Rating System) :** औद्योगिक बुनियादी ढाँचे की प्रतिस्पर्द्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए एशियाई विकास बैंक (ADB) के सहयोग से तैयार की गई आंकलन प्रणाली।
- **लॉजिस्टिक्स डेटा बैंक (LDB) 2.0 :** एक उन्नत ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म जो मल्टी-मॉडल शिपमेंट की दृश्यता और निर्यात कंटेनर ट्रैकिंग को बेहतर बनाता है, जिससे डिजिटल व्यापार अवसंरचना सुदृढ़ होती है।
- **लीड्स 2025 (Logistics Ease Across Different States) :** विभिन्न राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों में लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन का मूल्यांकन करने का उद्देश्य। इसमें प्रमुख सड़क गलियारों पर खंड-वार गति और प्रदर्शन मूल्यांकन शामिल है।
- **HSN कोड गाइडबुक का विमोचन :** व्यापार को सुगम बनाने और बेहतर नीति निर्माण को सक्षम करने के लिए 31 मंत्रालयों/विभागों में 12,167 HSN कोड आवंटित किए गए।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **एकीकृत राज्य एवं नगरीय लॉजिस्टिक्स योजनाएँ :** ADB के सहयोग से शुरू की गई ये योजनाएँ वर्तमान में 8 राज्यों के 8 शहरों मे शुरू हुई हैं, जिनका लक्ष्य लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार और लागत को कम करना है।

■ **14-20 सितम्बर, 2025 को भारत की मेजबानी में भारत और ऑस्ट्रेलिया के मध्य तीन एक दिवसीय मैचों की शृंखला का आयोजन किया गया। यह शृंखला ऑस्ट्रेलिया ने 2-1 से जीतने में सफलता प्राप्त की। स्मृति मंधाना को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। उन्होंने तीसरे और निर्णायक मैच में 20 सितम्बर, 2025 को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिर्फ 50 गेंदों में शतक जड़ा। (इस पारी में स्मृति ने 65 गेदों पर 125 रन बनाए, जिसमें 17 चौके और 5 छक्के शामिल थे।)**

## Newspaper of 22 September, 2025

■ **वर्ल्ड रेसलिंग चैम्पियनशिप 2025–**

- 13-21 सितम्बर, 2025 को जेगरेब, क्रोएशिया में वर्ल्ड रेसलिंग चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन हुआ। इसमें 76 देशों के 776 रेसलर ने भाग लिया। शीर्ष पदक जापान को मिले। जापान को 7 स्वर्ण, 3 रजत व 3 कांस्य सहित कुल 13 पदक मिले।
- इस प्रतियोगिता में भारत की ओलम्पियन अंतिम पंघाल ने महिलाओं की फ्रीस्टाइल 53 किग्रा. वर्ग में कांस्य पदक जीता। उन्होंने स्वीडन की योना माल्मग्रेन को 9-1 से पराजित किया।
- अंतिम पंघाल अब विनेश फोगाट के बाद दूसरी भारतीय महिला पहलवान बन गई हैं, जिन्होंने वर्ल्ड रेसलिंग चैम्पियनशिप में एक से अधिक पदक जीते हैं। उन्होंने 2023 की चैम्पियनशिप में भी कांस्य पदक जीता था।
- ओलम्पिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत को विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप 2025 से अयोग्य घोषित कर दिया गया। क्योंकि उनका वजन 57 किग्रा वर्ग की निर्धारित सीमा से 1.7 किग्रा अधिक था।
- इस प्रतियोगिता में भारत के ग्रीको-रोमन पहलवानों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। अनिल मोर (55 किग्रा), अमन (77 किग्रा), राहुल (82 किग्रा) और सोनू (130 किग्रा) अपने-अपने मुकाबले हार गए।

## Newspaper of 23 September, 2025

■ **प्रधानमंत्री ने अरुणाचल प्रदेश में दो प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं (हीओ जल विद्युत परियोजना व टाटो-1 जल विद्युत परियोजना) की आधारशिला रखी–**

22 सितम्बर, 2025 को प्रधानमंत्री ने अरुणाचल प्रदेश में दो प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं की आधारशिला रखी।
हीओ जलविद्युत परियोजना (240 मेगावाट)
टाटो-I जलविद्युत परियोजना (186 मेगावाट)
ये दोनों परियोजनाएँ सियोम उप-बेसिन में विकसित की जाएँगी। जिसकी लागत लगभग ₹ 3700 करोड़ है।

■ **भारत में जीएसटी सुधार 2.0 लागू हुए; अब जीएसटी में केवल 2 स्लैब हुए–**

22 सितम्बर, 2025 से भारत की सबसे बड़ी कर सुधारों में से एक के तहत जीएसटी 2.0 लागू हो गया है। इसके संबंध में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में 3 सितम्बर, 2025 को नई दिल्ली में सम्पन्न 56वीं जीएसटी परिषद् की बैठक में ऐतिहासिक फैसला लिया गया।

■ **69वाँ बैलन डी' ओर समारोह 2025 का आयोजन हुआ–**

22 सितम्बर, 2025 को पेरिस के थिएत्र दु शातले में प्रतिष्ठित 69वाँ बैलन डी'ओर समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में 2024-25 फुटबॉल सत्र के दौरान विश्व की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

**पुरुष बैलन डी' ओर :** उस्मान डेम्बले (PSG/ फ्रांस)

**महिला बैलन डी' ओर फेमिनिन :** ऐताना बोनमती (स्पेन और बार्सिलोना)

ऐताना बोनमती लगातार तीन बार महिला बैलन डी' ओर जीतने वाले दुनिया की पहली महिला खिलाड़ी बनीं।

■ **डिजिटल सेवाओं के लिए ग्राम पंचायतों को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया–**

22 सितम्बर, 2025 को जमीनी स्तर पर डिजिटल शासन को बढ़ावा देने के लिए, ग्राम पंचायतों को विशाखापत्तनम (आंध्रप्रदेश) में ई-गवर्नेंस पर 28वें राष्ट्रीय सम्मेलन (NCEG) के दौरान राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार (NAeG) 2025 से सम्मानित किया गया।

यह पुरस्कार एक नई श्रेणी, 'सेवा वितरण को गहन बनाने के लिए ग्राम पंचायतों में जमीनी स्तर की पहल' के तहत प्रदान किए गए।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**पुरस्कार विजेता ग्राम पंचायतें**

| पुरस्कार | ग्राम पंचायत | जिला, राज्य |
|---|---|---|
| **स्वर्ण पुरस्कार** | रोहिणी ग्राम पंचायत | धुले, महाराष्ट्र |
| (₹10 लाख) | **मुख्य पहल :** पूरी तरह से पेपरलेस ई-ऑफिस, 1027 ऑनलाइन सेवाएँ, 100% डिजिटल साक्षरता। | |
| **रजत पुरस्कार** (₹10 लाख) | **पश्चिम मजलिशपुर ग्राम पंचायत** | पश्चिम त्रिपुरा, त्रिपुरा |
| | **मुख्य पहल :** नागरिक चार्टर-आधारित शासन, जन्म/मृत्यु प्रमाण-पत्र और मनरेगा जॉब कार्ड सहित सेवाओं की ऑनलाइन उपलब्धता। | |
| **जूरी पुरस्कार** | पलसाना ग्राम पंचायत | सूरत, गुजरात |
| | **मुख्य पहल :** QR/UPI आधारित संपत्ति कर भुगतान, ऑनलाइन शिकायत निवारण के लिए डिजिटल गुजरात और ग्राम सुविधा पोर्टलों का एकीकरण। | |
| **जूरी पुरस्कार** | सुआकाती ग्राम पंचायत | केंदुझार, ओडिशा |
| | **मुख्य पहल :** ओडिशा वन और सेवा ओडिशा प्लेटफॉर्म के माध्यम से आवश्यक सेवाओं का डिजिटलीकरण, महिला नेतृत्व पर जोर। | |

**Newspaper of 24 September, 2025**

- **23 सितम्बर, 2025 को अन्तरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस पर, भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र (ISLRTC) ने 3189 ई-कॉन्टेंट वीडियो के साथ दुनिया का सबसे बड़ा ISL डिजिटल संग्रह लॉन्च किया, इसका उद्देश्य बधिर समुदाय को सशक्त बनाना और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देना है। इस पहल में 'प्रोजेक्ट इंक्लूजन एप' के साथ ISL का एकीकरण भी शामिल है।**

- **मोहनलाल को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार–**

23 सितम्बर, 2025 को मलयालम सिनेमा के दिग्गज अभिनेता मोहनलाल को वर्ष 2023 के लिए भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किया गया। उन्हें भारतीय फिल्म जगत में चार दशकों से अधिक के उनके उत्कृष्ट योगदान, अभिनय की बहुमुखी प्रतिभा (मलयालम, तमिल, तेलुगु, हिंदी और कन्नड़ फिल्मों में 350 से अधिक फिल्में) और विरासत के लिए सम्मानित किया गया।

इस पुरस्कार में एक स्वर्ण कमल, ₹ 10 लाख का नकद पुरस्कार, एक प्रमाण-पत्र और एक शॉल शामिल है।

वर्ष 2024 में आयोजित 70वें राष्ट्रीय फिल्म समारोह में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार मिथुन चक्रवर्ती को प्रदान किया गया था।

- **ई-गवर्नेंस पर 28वाँ राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ–**

22-23 सितम्बर, 2025 को विशाखापत्तनम (आंध्रप्रदेश) में ई-गवर्नेंस पर 28वाँ राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ, इसकी थीम 'विकसित भारत: सिविल सेवा और डिजिटल परिवर्तन' रही।

इसका आयोजन प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (DARPG) और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY), आंध्रप्रदेश सरकार के सहयोग से हुआ। इसका उद्देश्य ई-गवर्नेंस में सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान, उभरती प्रौद्योगिकियों पर चर्चा और डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देना।

सम्मेलन के दौरान ई-गवर्नेंस राष्ट्रीय पुरस्कार 2025 के तहत 19 उत्कृष्ट पहलों को सम्मानित किया गया। इन पुरस्कारों में छह श्रेणियों में 10 स्वर्ण, 6 रजत और 3 जूरी पुरस्कार शामिल हैं, जो केन्द्र, राज्य, जिला प्राधिकरणों, ग्राम पंचायतों और शैक्षणिक/अनुसंधान संस्थानों को प्रदान किए गए।

- **ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर को 'लिविंग ब्रिज' सम्मान–**

23 सितम्बर, 2025 को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर को भारत-ब्रिटेन संबंधों को मजबूत बनाने और भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते (FTA/CETA) को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका के लिए प्रतिष्ठित 'लिविंग ब्रिज' सम्मान से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान इंडिया बिजनेस ग्रुप (IBG) द्वारा आयोजित समारोह में लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में प्रदान किया गया। यह पुरस्कार उनकी ओर से भारतीय मूल की ब्रिटिश मंत्री सीमा मल्होत्रा ने स्वीकार किया।

**अन्य सम्मानित हस्तियाँ–**

| प्राप्तकर्ता | क्षेत्र/योगदान |
|---|---|
| जी एम आर ग्रुप | बुनियादी ढाँचे के क्षेत्र में भारत-यूके के बीच सहयोग के लिए। |
| जी पी हिंदूजा | ब्रिटिश-भारतीय व्यापारी और ब्रिटिश-भारतीय समुदाय में उनके योगदान के लिए। |
| बीना मेहता | केपीएमजी यूके की अध्यक्ष, पेशेवर सेवाओं के क्षेत्र में संबंधों को जोड़ने के लिए। |
| यूनिवर्सिटी ऑफ साउथैम्पटन | शिक्षा के क्षेत्र में भारत-यूके आदान-प्रदान और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए। |

## Newspaper of 25 September, 2025

### केन्द्रीय कैबिनेट ने भारत के समुद्री क्षेत्र में ₹ 69,725 करोड़ के पैकेज को मंजूरी दी–

24 सितम्बर, 2025 को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने भारतीय जहाज निर्माण और समुद्री क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के लिए एक व्यापक पैकेज को मंजूरी दी है। इस व्यापक पैकेज का उद्देश्य घरेलू क्षमता को मजबूत करना, दीर्घकालिक वित्तपोषण में सुधार लाना और भारत को वैश्विक नौवहन क्षेत्र में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित करना है।

- **जहाज निर्माण वित्तीय सहायता योजना :** इस योजना को 31 मार्च, 2036 तक बढ़ा दिया गया है, जिसके लिए ₹ 24,736 करोड़ का प्रावधान है।
- **समुद्री विकास निधि :** ₹ 25000 करोड़ की यह निधि क्षेत्र को दीर्घकालिक वित्तपोषण प्रदान करेगी। इसमें भारत सरकार की 49 प्रतिशत भागीदारी वाला ₹ 20,000 करोड़ का एक समुद्री निवेश कोष तथा बैंकिंग क्षमता में सुधार हेतु ₹ 5,000 करोड़ का ब्याज प्रोत्साहन कोष भी शामिल है।
- **जहाज निर्माण विकास योजना–**₹19,989 करोड़ के परिव्यय के साथ, इस योजना का लक्ष्य घरेलू जहाज निर्माण क्षमता को सालाना 4.5 मिलियन सकल टन भार तक बढ़ाना है। इसके अलावा 'भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय' के अंतर्गत 'भारत जहाज प्रौद्योगिकी केन्द्र' की स्थापना और जहाज निर्माण परियोजनाओं के लिए बीमा सहायता सहित जोखिम कवरेज प्रदान किया जाएगा।

### भारत ने पहली बार ट्रेन से अग्नि-प्राइम मिसाइल का टेस्ट किया–

24 सितम्बर, 2025 को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने रणनीतिक बल कमान (SFC) के सहयोग से रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर सिस्टम से इंटरमीडिएट रेंज अग्नि-प्राइम (Agni-Prime) मिसाइल का सफल परीक्षण किया। रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर सिस्टम से लॉन्च किया गया यह अपनी तरह का पहला सफल परीक्षण है।

- यह लॉन्चर रेल नेटवर्क पर बिना किसी पूर्व शर्त कहीं भी जाने और कम दृश्यता में अल्प प्रतिक्रिया समय में लॉन्च करने में सक्षम है।
- यह सफलता भारत को उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल करती है जिन्होंने रेल नेटवर्क से कैनिस्टराइज्ड लॉन्च सिस्टम विकसित किया है।
- इसकी मारक क्षमता 2000 किलोमीटर तक की दूरी तक मार करने के लिए डिजाइन की गई अगली पीढ़ी की यह मिसाइल विभिन्न उन्नत सुविधाओं से लैस है।

### 24 सितम्बर, 2025 को केन्द्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में माल एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (GSTAT) का औपचारिक शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य GST अपीलीय प्राधिकारियों द्वारा पारित आदेशों के खिलाफ अपीलों की सुनवाई करना और करदाताओं को न्याय के लिए एक स्वतंत्र मंच प्रदान करना है। GSTAT एक वैधानिक अपीलीय निकाय है। यह नई दिल्ली में एक प्रधान पीठ के माध्यम से कार्य करेगा। पूरे भारत में 45 स्थानों पर 31 राज्य पीठें स्थापित की जाएँगी।

**प्रत्येक पीठ में दो न्यायिक सदस्य, एक तकनीकी सदस्य केन्द्र से और एक तकनीकी सदस्य राज्य शामिल होंगे।**

## Newspaper of 26 September, 2025

### सांख्यिकी मंत्रालय ने 'चिल्ड्रन इन इंडिया 2025' रिपोर्ट जारी की–

25 सितम्बर, 2025 को केन्द्र सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) द्वारा 'चिल्ड्रन इन इंडिया 2025' रिपोर्ट का चौथा संस्करण जारी किया गया।

**स्वास्थ्य एवं मृत्यु दर संबंधी तथ्य एक नजर में–**

- वर्ष 2011 के 44 से घटकर 2023 में 25 हो गई है।
- राष्ट्रीय स्तर पर, महिलाओं (25) की तुलना में पुरुषों (26) के लिए IMR थोड़ी अधिक है।
- **5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर–**वर्ष 2023 के लिए 29 अनुमानित है (2022 में 30 थी।) ग्रामीण क्षेत्रों में यह दर 33 और शहरी क्षेत्रों में 20 रही।
- राष्ट्रीय स्तर पर, कुल जन्म दर (प्रति 1000 जनसंख्या पर) 18.4 रही है, जो घटती प्रवृत्ति को दर्शाता है।
- ग्रामीण क्षेत्रों में यह दर 20.3% थी, जबकि शहरी क्षेत्रों में 14.9% थी।

**शिक्षा और सामाजिक कल्याण एक नजर में–**

- कुल ड्रॉपआउट दर वर्ष 2022-23 के 13.8% से घटकर 2024-25 में 8.2% हो गई है। प्रारंभिक स्तर पर यह दर 8.7% से घटकर 2.3% हो गई। माध्यमिक स्तर पर यह दर 8.1% से घटकर 3.5% हो गई।

## Newspaper of 28 September, 2025

### भारत का कोल्ड डेजर्ट रिजर्व वर्ल्ड नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर रिजर्व में शामिल–

हाल ही में यूनेस्को ने हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले में स्थित भारत के कोल्ड डेजर्ट बायोस्फीयर रिजर्व को अपने

प्रतिष्ठित वर्ल्ड नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर रिजर्व (WNBR) में शामिल किया है। यह घोषणा चीन के हांगझोउ में आयोजित यूनेस्को की अन्तरराष्ट्रीय मानव एवं बायोस्फीयर (MAB) समन्वय परिषद् के 37वें सत्र (26-28 सितम्बर, 2025) में 27 सितम्बर, 2025 को की गई। इसके साथ ही यूनेस्को की इस सूची (WNBR) में शामिल भारतीय बायोस्फीयर रिजर्व की संख्या वर्तमान में 13 हो गई है।

■ **प्रधानमंत्री मोदी ने भारत का स्वदेशी 4G नेटवर्क लॉन्च किया—**

27 सितम्बर, 2025 को प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडिशा के झारसुगुड़ा में बीएसएनएल (BSNL) की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर देश की पूरी तरह से स्वदेशी 4G नेटवर्क सेवाओं का शुभारंभ किया।

भारत अब दुनिया के उन पाँच चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है जिनके पास 4G सेवाएँ शुरू करने के लिए पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक उपलब्ध है। प्रधानमंत्री ने स्वदेशी तकनीक से निर्मित ₹ 37000 करोड़ की लागत वाले 97500 से अधिक मोबाइल 4G टावरों का लोकार्पण किया। इनमें से 18900 से अधिक 4G स्थल दूरस्थ, सीमावर्ती और उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के लगभग 26700 असंबद्ध गाँवों को जोड़ेंगे। ये टावर सौर ऊर्जा से संचालित हैं, जो इन्हें भारत के सबसे बड़े हरित दूरसंचार स्थलों का समूह बनाता है।

## Newspaper of 29 September, 2025

■ **पाकिस्तान को फाइनल में हराकर भारत ने 9वीं बार एशिया कप (क्रिकेट) जीता—**

28 सितम्बर, 2025 को एशियाई क्रिकेट परिषद् के पुरुषों के (17वें) एशियाई कप (क्रिकेट) का फाइनल मैच भारत और पाकिस्तान के मध्य खेला गया। दुबई के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टी-20 प्रारूप में खेले गए इस मैच में पाकिस्तान को 5 विकेट से हराकर भारत ने नौवीं बार यह टूर्नामेंट जीतने में सफलता प्राप्त की। भारत के तिलक वर्मा को फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 53 गेंदों पर 69 रन बनाए।

- इससे पहले भारत ने 1984, 1988, 1990-91, 1995, 2010, 2016, 2018 और 2023 में खिताब जीता था। भारत ने यह टूर्नामेंट 7 बार वनडे और 2 बार टी-20 में जीता है।
- श्रीलंकाई टीम ने छह बार (5 बार वनडे व एक बार टी-20 प्रारूप में) यह खिताब जीता है।
- पाकिस्तान की टीम दो बार चैम्पियन बनी है।
- प्लेयर ऑफ द सीरीज़ : अभिषेक शर्मा (भारत)।
- सर्वाधिक रन : अभिषेक शर्मा (भारत)-314 रन।
- सर्वाधिक विकेट : कुलदीप यादव (भारत)-17 विकेट।

## Newspaper of 30 September, 2025

■ **मर्सिडीज-बेंज हुरून इंडिया वेल्थ रिपोर्ट-2025 जारी की गई; महाराष्ट्र सबसे अमीर राज्य बना—**

सितम्बर 2025 में जारी 'मर्सिडीज-बेंज हुरून इंडिया वेल्थ रिपोर्ट' के अनुसार, महाराष्ट्र 1,78,600 करोड़पति परिवारों के साथ भारत का सबसे अमीर राज्य बन गया है।

**शीर्ष 5 करोड़पति राज्य (परिवार संख्या के आधार पर)—**

1. महाराष्ट्र (1,78,600)
2. दिल्ली (79,800)
3. तमिलनाडु (72,600)
4. कर्नाटक (68,800)
5. गुजरात (68,300)

**नोट—**राजस्थान का 9वाँ स्थान : (33,100)

■ **भारत के 7 प्राकृतिक स्थल यूनेस्को विश्व विरासत संभावित सूची में शामिल किये गये—**

सितम्बर, 2025 में, भारत के सात प्राकृतिक स्थलों को यूनेस्को की विश्व विरासत स्थलों की संभावित सूची में शामिल किया गया है। इसके साथ ही सूची में भारत के विरासत स्थलों की संख्या 62 से बढ़कर 69 हो गई है (49 सांस्कृतिक, 17 प्राकृतिक और 3 मिश्रित)।

**संभावित सूची में शामिल 7 प्राकृतिक स्थल**

**महाराष्ट्र—**पंचगनी और महाबलेश्वर स्थित डेक्कन ट्रैप: दुनिया के सर्वोत्तम संरक्षित लावा प्रवाहों (लावा फ्लोज) का क्षेत्र।

**कर्नाटक—**सेंट मैरी द्वीप समूह की भूवैज्ञानिक विरासत: दुर्लभ स्तंभाकार बेसाल्टिक चट्टान संरचनाओं के लिए प्रसिद्ध।

**मेघालय—**मेघालय युग की गुफाएँ (जैसे माव्लुह गुफा) : महत्त्वपूर्ण जलवायु और भूवैज्ञानिक परिवर्तनों को दर्शाती हैं।

**नगालैण्ड—**नागा हिल ओफियोलाइट : महाद्वीपीय प्लेटों पर उभरी हुई महासागरीय परत का प्रतिनिधित्व करती है।

**आन्ध्रप्रदेश—**एर्रा मट्टी डिब्बालु (लाल रेत की पहाड़ियाँ) : विशाखापत्तनम के पास अद्वितीय पुरा-जलवायु और तटीय भू-आकृति विज्ञान संबंधी संरचनाएँ।

**आन्ध्रप्रदेश—**तिरुमाला पहाड़ियों की प्राकृतिक विरासत : लगभग 1.5 अरब वर्षों के पृथ्वी के इतिहास का प्रतिनिधित्व, जिसमें प्रतिष्ठित सिलाथोरनम (प्राकृतिक मेहराब) शामिल हैं।

**केरल—**वर्कला चट्टानें, समुद्र तट के किनारे स्थित ये चट्टानें मायो-प्लियोसीन युग की वर्कल्ली संरचना को उजागर करती हैं।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®


50 वर्षों से आपका विश्वसनीय


## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## मनोहर सिंह कोटड़ा के मार्गदर्शन में तैयार श्रेष्ठ पुस्तकें


( 41 जिलों एवं 7 संभागों पर आधारित नवीनतम संस्करण )




## संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रमुख पुस्तकें







संजीव Telegram चैनल, App एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री नि:शुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।

संजीव प्रकाशन — Join Our App

संजीव प्रकाशन — Join Our Telegram

प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com